# कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा म.प्र.

# निविदा

# 2020—2021

श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा से सम्बद्व गांधी स्मारक/संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय हेतु के हॉस्पिटल फर्नीचर जैसे—बेड, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, लॉकर, आई.व्ही स्टैण्ड, मैटरेसेस आदि की मरम्मत कार्य हेतु ई—निविदा फार्म (प्रथम आमंत्रण)

कीमत रू. 500/—
(रूपये पॉच हजार मात्र)

निविदा क्रमांक—24/2020—21

# ONLINE TENDER SCHEDULE

ई–निविदा विज्ञप्ति क 24/2020–21

| SEQ NO | SCHEDULE | START DATE & TIME | EXPIRY DATE & TIME | ENVELOPES |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PURCHASE OF TENDER ONLINE | 06-07-2020 11.00 AM | 27-07-2020 5.00 PM | |
| 2 | BID SUBMISSION ONLINE | 06-07-2020 11.00 AM | 27-07-2020 5.00 PM | |
| 4 | MANDATORY SUBMISSION OPEN | 28-07-2020 12.30 PM onwards | – | |
| 5 | TECHNICAL PROPOSAL OPEN | 28-07-2020 12.30 PM onwards | – | |
| 6 | FINANCIAL BID OPEN | पृथक से सूचना दी जावेगी। | – | |

ई–मेलः– jdsupdtgmhrewa@rediffmail.com, Fax-07662–242104
संपर्कः– 07662–242104,+91–9179705483,+91–9644695933,+91–8827730393,

पोर्टल में ऑनलाईन अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूचीः–

1. धरोहर राशि रू. दस हजार का ऑनलाईन जमा।
2. निविदा प्रपत्र हस्ताक्षर एवं सील सहित।
3. फर्म/दुकान की स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र
4. पैन कार्ड।
5. जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन
6. राशि रू. 100 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प में घोषणा पत्र।

निविदा की शर्तेंः–

1. श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा से संबद्ध चिकित्सालय के हॉस्पिटल फर्नीचर जैसे–बेड, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, लॉकर, आई.व्ही स्टैण्ड, मैटरेसेस आदि की मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदाकार निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय एवं जमा कर सकेंगे। इसे चिकित्सा महाविद्यालय रीवा की वेबसाइट http://www.ssmcrewa.com में भी देखा जा सकेगा।

2. निविदा प्रपत्र के साथ निविदा आवेदन का मूल्य रू. 500.00(पांच सौ) एवं अमानत राशि 10000.00(दस हजार मात्र) ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा।
3. डाउनलोड किए निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठों एंव संलग्नकों पर हस्ताक्षर कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिन निविदाकारों की निविदा स्वीकृत नही होगी केवल उनकी अमानत राशि निविदा अवार्ड/प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् स्वयमेव पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन बैंक खाते में वापस हो जावेगी।
4. कृपया प्राईस बिड भरने के पहले समस्त दस्तावेज एंव स्पेशिफिकेशन ध्यानपूर्वक पढ़ एंव समझ लें, उसके पश्चात ही निविदा भरें।
5. सभी दरें लगने वाली सामग्री सहित भरी जावें।
6. सामान्यतः न्यूनतम मूल्य दर की निविदा को स्वीकार किया जावेगा, तथापि क्रय समिति शासनहित/जनहित में समग्र रूप से विचार करते हुये अन्यथा निर्णय लेने हेतु अधिकार सम्पन्न होगी।
7. सफल निविदाकार को कार्य आदेश जारी करने के उपरांत अधिकतम 07 दिवसों के भीतर कार्य करना अनिवार्य होगा। कार्य न करने की दशा में एल–2 से कार्य करा लिया जावेगा एवं एल–1 की अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. केन्द्र/राज्य शासन द्वारा लागू जी.एस.टी. नियमानुसार पृथक से देय होगा। दरें बिना कर के ही भरी जावें। देयक में लागू जी.एस.टी. पृथक से दर्शाना अनिवार्य होगा।
9. मरम्मत की गई सामग्री का सत्यापन संबंधित विभागाध्यक्षों/प्रभारी अधिकारियों से कराकर देयक के साथ लगाना अनिवार्य होगा। सत्यापन के आधार पर ही भुगतान किया जाएगा। मरम्मत में जो भी सामग्री लगाई जावेगी वह उच्च गुणवत्ता की होगी।
10. निविदाकार निविदा डालने के पूर्व मरम्मत किए जाने वाले हॉस्पिटल फर्नीचर जैसे–बेड, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, लॉकर, आई.व्ही स्टैण्ड, मैटरेसेस आदि का निरीक्षण कर सकते हैं।
11. शासन हित में सभी प्रकार की निविदा या किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक के पास सुरक्षित रहेगा।
12. निविदा की दरें क्रय समिति के अनुमोदन दिनांक से एक वर्ष अथवा नई निविदा प्रभावशील होने तक वैध रहेंगी।
13. विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र रीवा होगा।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
गांधी स्मारक चिकित्सालय,रीवा (म.प्र)

## तकनीकी बिड में ऑनलाईन अपलोड किए जाने वाले अनिवार्य दस्तावेजों की सूची

| स. क्र. | तकनीकी मापदण्ड हेतु दस्तावेज | संलग्न | |
|---|---|---|---|
| | | हां | नही |
| 1. | निविदा प्रपत्र हस्ताक्षर एवं सील सहित। | | |
| 2. | फर्म / दुकान की स्थापना पंजीयन प्रमाण पत्र | | |
| 3. | पैन कार्ड | | |
| 4. | जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन | | |
| 5. | 100 रू. के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित नोटराईज्ड घोषणा पत्र | | |

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर ........................................................

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख का नाम ..............................................................

(स्पष्ट अक्षरों)

**बैंक का नाम खाता कं. एवं आई.एफ.एस.कोड.............................................**

संस्था का नाम एवं पूर्ण पता एवं सील ........................................................

# <u>घोषणा पत्र (शपथ पत्र)</u>

## <u>(100/– रूपये के नान–ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाये )</u>

1. मै/हम भारत का/के नागरिक हूँ/है।
2. मैं/हम भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार निविदा कार्य के लिए सक्षम हूं/हैं।
3. मुझे/हमें म.प्र. शासन के किसी भी विभाग द्वारा निविदाकार्य से बहिष्कृत नहीं किया गया है।
4. मै/हम किसी ऐसे कान्ट्रेक्टर, जो कि म.प्र. शासन के किसी विभाग द्वारा बहिष्कृत किया गया हो, न तो अभिकर्त्ता हूँ/है और न ही उसके लिये कार्य करता हूँ/करते है।
5. मेरे/हमारे द्वारा निविदा की शर्तो के अलावा अन्य कोई शर्ते प्रस्तुत नही की गयी है। यदि अन्य कोई शर्ते प्रस्तुत की गयी है, तो उसे अमान्य माना जाये।
6. श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय/संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय/गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा के किसी अधिकारी/कर्मचारी से संबंध नहीं है।
7. मेरे/हमारे द्वारा इस निविदा में भरी मूल्य दर से कम मूल्य दर की निविदा मध्यप्रदेश राज्य के किसी संस्था या कार्यालय में प्रस्तुत नही की गई है।
8. हमारी संस्था के विरूद्व सी.बी.आई./लोकायुक्त/ई.ओ.डब्ल्यू/शासकीय कार्यालय इत्यादि में कोई जाचं लंबित नही है और न ही सक्षम न्यायालय मे आपराधिक प्रकरण दर्ज है और न ही दण्डित किया गया है।
9. केंद्र/राज्य सरकार कोई भी कर मेरी संस्था/मेरे उपर बकाया नही है।
10. मेरे द्वारा प्रस्तुत जानकारी सही है। असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही के किए जाने पर में स्वयं उत्तरदायी रहूंगा।

गवाह के हस्ताक्षर

निविदाकार के हस्ताक्षर

1. गवाह का नाम..................................

पता.......................................

2. गवाह का नाम.............................
...............

पता ...................................................................................

संस्था के समक्ष अधिकारी का नाम..........

पता............................................................

संस्था का नाम एवं पता....................................

## मरम्मत हेतु दर (केवल ऑनलाईन भरी जावे)

| स. क्र | विवरण (सभी कार्य सामग्री सहित) | दर | जी.एस.टी. दर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्ट्रेचर / व्हीलचेयर / लोहे के पलंग / बेडसाईड लॉकर / आई.व्ही. स्टैण्ड / आल्मिरा में वेल्डिंग का कार्य **(प्रति टांका)** | | | |
| 2. | स्ट्रेचर / व्हीलचेयर / लोहे के पलंग / बेडसाईड लॉकर / आई.व्ही. स्टैण्ड / आल्मिरा में पेन्टिंग का कार्य **(प्रतिवर्ग फुट)** | | | |
| 3. | स्ट्रेचर / व्हीलचेयर / लोहे के पलंग / बेडसाईड लॉकर / आई.व्ही. स्टैण्ड / आल्मिरा की मरम्मत सामग्री **(प्रति किलो)** | | | |
| 4. | वाटरप्रूफ रेक्जीन मैटरेस कव्हर 6.6X3.5 फुट **(प्रति वर्गफुट)** | | | |
| 5. | स्ट्रेचर मैटरेस की मरम्मत **(प्रति वर्गफुट)** | | | |

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर ........................................................

निविदाकर्त्ता संस्था प्रमुख का नाम ................................................................

(स्पष्ट अक्षरों)

संस्था का नाम एवं पूर्ण पता एवं सील .......................................................